विश्वकर्मा समाज के गौरव व अपने प्रिय स्व श्री कान्तिभाई एम पांचाल को श्रद्धांजली देने उमडा जन सैलाव

अभी भी यह विश्वास नहीं होता कि स्व कांतिभाई एम पांचाल जी , बड़ोदा, गुजरात हमारे बीच नहीं रहे ! लेकिन यही सत्य है ! जीवन और मृत्यु भगवान के हाथ है जिसको बदलना इन्शान के वश में नहीं ! अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्वकर्मा समाज व अन्य सामाजिक संस्थाओं के संस्थापक, ट्रस्टी, संरक्षक, प्रतिष्ठित उद्योगपति, आदर्श अभिवावक, मार्गदर्शक, भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित, कर्तव्यनिष्ठ, दानदाता, विश्वकर्मा समाज के गौरव स्वर्गीय श्री कान्तिभाई एम पांचाल जी की जीवन यात्रा 27/8/1946 से गुजरात के एक छोटे से गाँव कम्पोबा से शुरू होकर 29/11/2019 को बड़ोदा में पूर्ण हुई ! उनके आकश्मिक निधन से विश्वकर्मा समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है ! हमारे बीच से जब कोई ऐसा व्यक्ति जाता है तो केवल परिवार ही क्षति नहीं होती बल्कि समाज के लिए भी असहनीय दुःख की घड़ी होती है !

स्वर्गीय श्री कान्तिभाई एम पांचाल जी 30/09/18 को अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए ! इस अल्प अवधि में देश के कोने कोने में घूमकर विराट संघ की मजबूती, सदस्यता अभियान प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति जैसे अनेक कार्यों को पूर्ण किया तथा लोगों को विराट संघ से जुड़ने के लिए प्रेरित किया ! वे संगठन की जरूरत के अनुसार विश्वकर्मा विराट संघ के संविधान में सुधार के लिए प्रयासरत थे तथा इस विषय पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाने की तयारी में थे ! वे अपने मिलनसार, धार्मिक, सरल और मृदुभाषी स्वभाव के कारण सभी के प्रिय थे ! विश्वकर्मा समाज की चर्चा उनके सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी को याद किये बिना पूर्ण नहीं होगी !

उनका जीवन समाज व नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक रहेगा ! उन्होंने सिखाया कि मेहनत, लगन और ईमानदारी के बल पर कोई भी आदमी सफलता प्राप्त कर सकता है ! सफलतम उद्योग की स्थापना की लेकिन गाँव से उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ ! आखिरी समय तक गाँव से जुड़े रहे ! अपने नाम के अनुसार उनका जीवन भी कान्ति पूर्ण रहा ! उनके विषय में कुछ कहना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है ! ऐसे कर्मठ, कर्मयोगी, मिलनसार, मार्गदर्शक तथा समाजसेवी विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री कान्तिभाई एम पांचाल जी को श्रद्धांजलि देने के लिए देश के कोने कोने से हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े ! उनकी लोकप्रियता और गांव के प्रति उनके लगाव को देखते हुए परिवार ने दिनांक 1/12/2019 को उनके पैत्रिक गाँव कम्पोबा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया तथा दिनांक 8/12/2019 को बड़ोदा में श्रद्धांजली /प्रार्थना सभा का आयोजन किया ! दोनों जगह अपने प्रिय विश्वकर्मा पुत्र को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए जन सैलाव उमड़ पडा !

प्रार्थना सभा में उपस्थित होकर सर्व श्री जगदीश पांचाल विधायक, डॉ वेदप्रकाश पांचाल, वी के विश्वकर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, भगवानदास पांचाल, विराट संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम पांचाल व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामू पांचाल ,जयपाल पांचाल, सिंग राज पांचाल दिल्ली, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष गणपत भाई पांचाल, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश ओबीसी आयोग के सदस्य जगदीश पांचाल मुजफ्फर नगर, मध्यप्रदेश अध्यक्ष रमेश पांचाल, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रकांत डी गवली व अन्य विभूतियाँ श्री हीरामन जाधव, बलराज रोहतक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्व श्री सुरिंदर पांचाल समालखा, नाथाभाई पांचाल, अहमदाबाद, अरविन्द भाई पांचाल, बंसी लाल जांगीर उज्जैन राष्ट्रीय महामंत्री श्री मुकेश भाई आर पांचाल अहमदाबाद, विराट संघ के गुजरात प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री प्रविनभाई पांचाल, मध्यप्रदेश वरिष्ठ महामंत्री रमेश नेताजी, सर्व श्री शरद शर्मा जयपुर, एम सी पांचाल जयपुर, तरुण पांचाल, इंदौर से सर्व श्री आर के लोहार, हेमराज पांचल, अशोक कुमार, श्री रमेश भाई राठौर अहमदाबाद व अनेकों संस्थाओं के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों व अनेकों उद्योगपतियों ने अपने प्रिय को श्रद्धा सुमन अर्पित किये ! प्रार्थना सभा व मंच संचालन विराट संघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री श्री यशपाल पांचाल दिल्ली द्वारा किया गया !

लेखराज पांचाल
राष्ट्रीय महामंत्री